हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

10 वन संरक्षण को लेकर विधायक लता उसेण्डी ने दिलाई शपथ



10 संदिग्ध कब्र से फैली दहशत, जांच में निकला काले कुत्ते ...





## खबर संक्षेप

### 4 आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख की दी गई सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। बकावण्ड तहसील के ग्राम बकावण्ड निवासी फगनी की मृत्यु सर्पदंश से पुत्री भगवती यादव को, तहसील बकावण्ड के ग्राम राजनगर निवासी रघुनाथ भद्रे की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी चिंतामनी भद्रे को, तहसील बकावण्ड के ग्राम फरसीगांव निवासी सोनो कश्यप की मृत्यु सर्पदंश से पति अमरसिंग कश्यप को तथा तहसील बास्तानार के ग्राम कंडोली निवासी कुमारी लखो पोयाम की सर्पदंश से माता सोमडी पोयाम को चार-चार लाख की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### कमिश्नरों लेंगे अधिकारियों की समीक्षा बैठक 21 को

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में 21 जनवरी को मध्यान्ह 12 बजे कमिश्नर कार्यालय के शक्ति सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें सर्व सम्बंधित संभाग स्तरीय अधिकारियों सहित नोडल अधिकारियों को एजेंडा अनुसार जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक होगी 13 को

**जगदलपुर।** जिले में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के सम्बंध में तैयारी बैठक 13 जनवरी को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में आहूत की गई है। उक्त बैठक में सर्व सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने मेगा प्लेसमेंट कैंप 12 को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर जिले के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। संस्था के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार 12 जनवरी को संस्था परिसर में एक दिवसीय राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा जिसमें आईटीआई के सभी व्यवसायों से उत्तीर्ण युवा अपने उज्वल भविष्य के लिए भाग ले सकते हैं।

### वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम



**जगदलपुर।** तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संस्कार द स्मार्ट स्कूल व क्रीड़ा परिसर, इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, संस्थापिका सुमन भावसार ने मशाल जलाकर व सरस्वती वंदना के साथ की। क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। लंबी दौड़, स्केटिंग, 100 मीटर रेस, नींबू रेस, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, चित्रकला एवं कल्चर प्रोग्राम में म्यूजिक व डांस में शाला के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। साथ ही स्केटिंग विद्यार्थियों द्वारा क्रीड़ा परिसर में रोड शो किया गया। विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। 6 जनवरी से चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य एनी पॉल, व्यवस्थापक एलेक्स मैथ्यू तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

# शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा की पुण्यतिथि पर मूर्ति का अनावरण

## क्षेत्र को नक्सल-मुक्त बनाने शहीद जवानों का त्याग और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

सालभर पूर्व 6 जनवरी को अम्बेली नाला के करीब माओवादियों ने सर्चिंग पार्टी को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया था। इसकी चपेट में आने से डीआरजी दंतेवाड़ा के नौ जवान व वाहन चालक ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी हमले में जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम बरदेला के प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा भी शहीद हो गए थे। उनके पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम पंचायत बरदेला में विधिवत उनकी प्रतिमा का अनावरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उनके अमर योगदान को स्मरण किया।

बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि संकल्प मार्च 2026 के अंतर्गत क्षेत्र को नक्सल-मुक्त बनाने की दिशा में शहीद जवानों का त्याग और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। माओवादियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए कर्तव्यपथ पर वीरगति को प्राप्त हुए इन जवानों का साहस, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। ऐसे वीर सपूतों के कारण ही आज समाज सुरक्षित है और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि आज ही के दिन माओवादियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दो मिनट का मौन रखकर शहादत को किया नमन

कार्यक्रम के दौरान शहीद के सम्मान में उपस्थित जनसमूह द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा की शहादत को नमन किया गया। उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं शहीद के परिजन समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।







## शिकार : खंडियापाल में घर में घुसा, लोग जागे तो भागे

# बाघ के बाद लकड़बग्गों ने बोला हमला, सुअर को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कुछ वर्ष पूर्व लकड़बग्गे के हमले से 15 भेड़ बकरी की गई थी जान

तोकापाल ब्लाक के खंडियापाल में बीती रात झुण्ड में पहुंचे लकड़बग्गों ने घर के बाउण्ड्री में घुसकर सुअर पर हमला कर दिया। हमले से सुअर की स्थिति 24 घंटे बाद भी गंभीर बनी हुई है। चार दिन पूर्व खंडियापाल से लगे सोशनपाल में बाघ के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त थी इसके बाद लकड़बग्गों के हमले को देखते हुए ग्रामीण दहशत में रतजगा कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक लकड़बग्गे ने तेलीमारेंगा पंचायत के खुडियापाल में ग्रामीण मीरीराम के सुअर पर हमला कर दिया। सुअर के चीखने की आवाज सुनकर घर के लोग जाग गए और डण्डा लेकर बाहर निकले हो हल्ला सुन लकड़बग्गों का झुण्ड भाग निकला। गले के करीब व पीठ में किए गए हमले से सुअर गंभीर रूप से घायल हो गया है। 24 घंटे बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इन दौरान रूक रूककर उसकी चीख पूरे गांव में गूंज रही है। घायल सुअर को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण सुअर मालिक मीरीराम के घर पर भी पहुंचने लगे है। वहीं लकड़बग्गे के हमले देखते हुए ग्रामीण रतजगा कर रहे है ताकि लकड़बग्गे के झुण्ड को गांव से दूर भगाया जा सके।

जिस समय लकड़बग्गों ने हमला किया उस समय वह मीरीराम के बाड़ी में सोया हुआ था। गांव के मुखिया जयमन कश्यप, सुन्नुराम, हरी, मुकेश आदि ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व खंडियापाल से लगे काना कुरूषपाल में लकड़बग्गों ने हमला कर जयमन कश्यप के 15 भेड़ व बकरियों को मार दिया था। इसके बाद वर्तमान में भी पुनः लकड़बग्गे के हमले को देखते हुए ग्रामीण दहशत में है।






### पांच दिन पूर्व काना कुरूषपाल से नर बाघ के जाने के मिले थे निशान

गौरतलब है कि जिस कुरूषपाल व खंडियापाल में लकड़बग्गों ने हमला किया है, इसी काना कुरूषपाल से पांच दिन पूर्व नर बाघ के जाने के पदचिन्ह मिले थे। इसके बाद से ही वन विभाग की टीम चौकन्नी हो चुकी है और ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि रात में अकेले घर से बाहर ना निकले और ना ही जंगली जानवर दिखे तो उनके सामने ना आएं। वहीं जगंली जानवर दिखने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दें, ताकि समय पर टीम पहुंचकर जानवारों को आबादी से दूर भगा सके।

### मुआवजा प्रकरण बना रहे

लकड़बग्गे के हमले की खबर के बाद मौके पर पहुंच जांच किया गया था। हमले से सुअर गंभीर रूप से घायल हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। जल्द ही मामले में मुआवजा प्रकरण तैयार कर सुअर मालिक को प्रावधान के मुताबिक मुआवजा राशि प्रदान किया जाएगा।

**राजकुमार मिश्रा**
रेंजर, तोकापाल वन मण्डल।

# बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन मरम्मत व्यय की राशि 9 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा आवेदक को वाहन मरम्मत की दावा राशि 9 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10000 रुपए अदा करेगी। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता ज स वा ल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी जया मंडावी ने अपनी वाहन ट्रक का बीमा चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर के माध्यम से करवाया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल बीमा कंपनी को सूचना प्रदान की गई थी। इसके आधार पर बीमा कंपनी द्वारा स्पाट सर्वे एवं फाइनल सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना के समय वाहन चालक के नशे में होने और उक्त ट्रक में एक व्यक्ति के बतौर यात्री सवार होने का कथन करते हुए आवेदक के दावे का निराकरण नहीं किया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि दुर्घटना के समय वाहन चालक नशे में था और उक्त ट्रक में एक व्यक्ति बतौर यात्री सवार था। बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तुत सर्वे रिपोर्ट पर आयोग ने कहा कि सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम शब्द नहीं है, अनुमोदित सर्वेयर की रिपोर्ट बीमाधारक द्वारा उठाए गए नुकसान के संबंध में बीमाकर्ता द्वारा दावे के निपटान के लिए आधार हो सकती है, लेकिन निश्चित रूप से ऐसी रिपोर्ट ना तो बीमाधारक और ना ही बीमाकर्ता के लिए बाध्यकारी है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10000 रुपए पृथक से अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

# विकास कार्यों में राशि की नहीं होगी कमी: देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात देते आज लाखों रुपए की विकास कार्यों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भूमिपूजन किया। शहर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शहर के भंगाराम चौक के पास एवं पावर हाऊस के सामने के पुलिया एवं जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

# देवगुड़ियों के संरक्षण व पुजारियों के सम्मान के लिए आगे आएं : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- काछनगुड़ी में हुई बैठक, संभागभर से पहुंचे पुजारी व ग्राम प्रमुख

शहर के भंगाराम चौक स्थित काछनगुड़ी में गुरुवार को संभागभर के देवी-देवताओं के पुजारियों व गांव के प्रमुखों की एक बैठक सुकमा जमींदार कुमार जयदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गांव की देवगुड़ियों को संरक्षण करने के साथ-साथ पुजारियों को सम्मान दिलाने को लेकर जोर दिया गया। वहीं संभागभर से पहुंचे पुजारियों व ग्राम प्रमुखों ने कुमार जयदेव पर भरोसा जताया और आगे बेहतर तरीके से एकजुटता के साथ काम करने की बात कही। इस अवसर पर कुमार जयदेव ने कहा कि बस्तरियों के लिए सबसे बड़ा देवी-देवता हैं, लेकिन देवगुड़ियों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है और ना ही उनके पुजारियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेला-मड़ई के नाम पर लूट हो रहा है, जिसे प्रशासन के साथ-साथ ▶▶| शेष पेज 10 पर



# पेयजल सप्लाई से पूर्व होता है जल का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 17 में से 15 टंकियों की सफाई कार्य पूर्ण
- दो में है काम प्रगति पर

नगर निगम के जलापूर्ति विभाग से शहर की जनता को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए दो फिल्टर प्लांट और 17 टंकी है। एक फिल्टर प्लांट पुरानी और दूसरी फिल्टर प्लांट आधुनिक है। पुराने फिल्टर प्लांट से चार एमएलटी पानी और नए फिल्टर प्लांट से 9 एमएलटी पानी की सप्लाई शहर में की जाती है। लगभग 5:30 एमएलटी पानी की सप्लाई बोर एवं अन्य माध्यम से, इस तरह कुल 17.5 एमएलटी पानी रोजाना शहर की जनता की प्यास बुझाता है। दोनों फिल्टर प्लांट से 13 एमएलटी पानी की सप्लाई से पूर्व, 24 घंटे में 6 बार पानी का सैंपल लिया जाता है। इसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रयोगशाला में जांच कराया जाता है। फिल्टर प्लांट से ट्रीटमेंट प्लांट से होकर गुजरने के बाद सप्लाई से पूर्व सेंपल पानी का लिया जाता है और इसे टेस्ट किया जाता है। इस तरह से मानक युक्त शुद्ध जल ही निगम द्वारा सप्लाई की जा रही है। जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने जारी बयान में बताया कि नगर निगम शहर की जनता को आश्वस्त करना चाहता है कि फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य गर्मी में किया जाता है और यह प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही समय-समय पर फिल्टर प्लांट का सिल्ट नगर निगम के कुशल मजदूरों के द्वारा निकाला जाता है। वर्तमान में महापौर संजय पांडे के निर्देश पर जल कार्य विभाग द्वारा शहर के 17 टंकियों की सफाई की निविदा पिछले 20 जुलाई को जारी की गई और 20 ▶▶| शेष पेज 10 पर



### शिकायत पर तुरंत निराकरण

सुरेश गुप्ता ने बताया कि निगम के द्वारा टंकियों की सफाई, फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य प्रगति पर है और कभी किसी वार्ड से पानी की किसी प्रकार की शिकायत आने पर उसका त्वरित निराकरण भी किया जाता है।

## उपमुख्यमंत्री ने की नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा

# 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र माओवाद का पूर्ण उन्मूलन निश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागवार योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र माओवाद का पूरी तरह उन्मूलन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय शुरू होगा।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि माओवाद के समूल उन्मूलन के बाद लोगों में विश्वास जगाना और विकास कार्यों में तीव्रता लाना आवश्यक होगा। अब समय बहुत कम है, इसलिए शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन नई ऊर्जा, नई रणनीति और जनकल्याण की भावना के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीजापुर के सुदूर अंचलों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुगमता से पहुंचेंगी, जिसमें जिला, विकासखण्ड और मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि माओवाद मुक्त ग्राम पंचायतों को विशेष परियोजना के तहत इलवद पंचायत के रूप में एक करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। इसके साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत जिले के 201 गांवों को शामिल किया गया है, जहां शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्तता और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जा रहा है।



### शांति और सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़

एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि बीजापुर में अब शांति और सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़ हो रही है। जिससे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पहले की तुलना में अधिक सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि पहले और आज के बीजापुर में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

### समस्याओं का निराकरण लगातार हो रहा

पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है और बस्तर संभाग का विकास शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर के समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, संचालक अश्विनी देवांगन, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मालवाहक पिकअप में यात्रियों को बैठाने पर चालक पर 5 हजार का जुर्माना

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मालवाहक पिकअप वाहन एमपी 50 जी 2460 के चालक पर डट एक्ट की धारा 66.192 के तहत 5000 रुपये का चालान किया है। वाहन में अनुचित रूप से यात्रियों को बैठाकर ले जाया जा रहा था, जिसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्ला सिद्दीकी के मार्गदर्शन में की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोना अत्यंत खतरनाक है और इससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है।



चालक को चालान के साथ कड़ी समझाइश भी दी गई कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराएं तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ताकि सड़कें सुरक्षित रहें और दुर्घटनाओं में कमी आए।

## खबर संक्षेप

### कृषि विभाग के आरईओ का रुका दो माह का वेतन



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लाक के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लकेश सेठिया के कार्यालय द्वारा दो माह का वेतन रोक दिया गया है। कृषि विभाग के मिली जानकारी अनुसार आरईओलकेश सेठिया साप्ताहिक बैठकों में शामिल नही होते,जिससे उसके क्षेत्र की जानकारी संधारित नहीं हो पा रही है। यही नही शो-कॉज़ नोटिस का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं । इस सम्बन्ध में गुरूवार को कृषि विभाग फरसगांव के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तुलसी राम नेताम ने बताया की ग्रामीण विस्तार अधिकारी लकेश सेठिया भानपुरी में पदस्थ हैं। साथ ही आलोर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। लकेश सेठिया फरसगांव कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक बैठक में नहीं आ रहा है, जिसके चलते किसानो के कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, वही आरईओ के द्वारा जो कार्य जमीनी स्तर पर किये जाते है उनकी जानकारी भी बैठक में नहीं आने के कारण कार्यालय तक नहीं पहुंच पा रही है। जिसके चलते कृषि विभाग के अधिकारी के साथ साथ किसान भी परेशान है। उस क्षेत्र के किसान भी कई बार कार्यालय में आकर आरईओ को पूछते हैं। साथ ही अपने कार्य क्षेत्र में नहीं रहने की जानकारी मिली है। साप्ताहिक बैठकों में शामिल नहीं होने के कारण संबंधित आरईओ को शो-कॉज़ नोटिस जारी किया गया था। परंतु संबंधित अधिकारी द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण उसका नवम्बर और दिसंबर माह का वेतन रोका गया है। उनके क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विभागीय कार्यो की प्रगति अत्यंत अल्प है और आज गुरूवार को साप्ताहिक बैठक में भी बिना अवकाश के अनुपस्थित रहे , जिसके लिए उन्हें पुनः नोटिस जारी किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 5 प्रकरणों में पीड़ितों के वारिसों को कुल 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई। कोण्डागांव तहसील के डी.एन.के. निवासी कुमुद सोनानी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी गंगा सोनानी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार कोण्डागांव तहसील के ग्राम चेरंग निवासी लालूराम की मृत्यु पर उनकी पुत्री सुमित्र, पुत्र सुनील एवं अनिल भाई मलसाय को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोंगेरा निवासी सरजूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सामबाई, पुत्र प्रीतम, पुत्री प्रतिमा एवं पिता हरिराम को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई।

# वन संरक्षण को लेकर विधायक उसेण्डी ने दिलाई सबको शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

नववर्ष के अवसर पर बुधवार को कोण्डागांव वनमण्डल अंतर्गत माकड़ी परिक्षेत्र में वन प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक की शुरुआत में विधायक उसेण्डी ने सभी समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

बैठक में लाभांश राशि वितरण, अग्नि सुरक्षा, वनों की सुरक्षा, कूप विदोहन, अवैध कटाई एवं अतिक्रमण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों पर भी विचार–विमर्श किया गया। विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि वन हमारे जीवन का आधार हैं। वनों को आग से बचाना, अवैध कटाई और अतिक्रमण को हर हाल में रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वनों के संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा।

## माकड़ी में वन प्रबंधन समितियों की हुई बैठक

### वैज्ञानिक वनोपज संग्रहण की अपील

उन्होंने ग्रामीणों से वनोपजों का वैज्ञानिक एवं नियोजित ढंग से संग्रहण कर आर्थिक लाभ अर्जित करने की अपील की, जिससे आजीविका के साथ–साथ वन संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।



### वन संरक्षण की दिलाई गई शपथ

बैठक के अंत में विधायक ने सभी उपस्थित जनों से आपसी मतभेद भुलाकर देशहित एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वनों की सुरक्षा, आग से बचाव एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम का संकल्प लेने की अपील की तथा इस संबंध में सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

## राहत : दो जिलों की टीम ने की जांच, चार दिन बाद खुला राज

# संदिग्ध कब्र से फैली दहशत, जांच में निकला काले कुत्ते का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

जिला मुख्यालय से करीब छह किलोमीटर दूर मेरोली नदी किनारे बनी एक संदिग्ध कब्र ने ग्रामीणों को लगभग 15 दिनों तक भय और असमंजस में रखा। हत्या की आशंका और तरह-तरह की अफवाहों के बीच आखिरकार पुलिस व प्रशासन की संयुक्त जांच में मामला साफ हुआ, जब खुदाई के दौरान कब्र से किसी मानव का नहीं, बल्कि एक काले कुत्ते का शव बरामद हुआ।

- संदिग्ध कब्र का रहस्य सुलझा, 15 दिन बाद गांव ने ली राहत की सांस

ग्रामीणों के अनुसार, नदी किनारे बनी इस कब्र के पास जलता हुआ दीपक, अगरबत्ती, फूल-माला, सिक्के और अन्य पूजा सामग्री रखी गई थी। इन संकेतों के चलते ग्रामीणों को किसी व्यक्ति की हत्या कर शव दफनाए जाने की आशंका होने लगी। धीरे-धीरे यह चर्चा पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोरपाल गांव के सरपंच परमानंद नाग ने एड़का थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सरपंच ने पुलिस को बताया कि गांव में हाल के दिनों में किसी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है, इसके बावजूद अज्ञात कब्र का होना संदेह पैदा करता है। शिकायत के बाद एड़का थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस ने जिला अस्पताल, मिशन अस्पताल और आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की पड़ताल की। मुसाफिर नाम सहित सभी संभावित रिकॉर्ड खंगाले गए, लेकिन कोई भी मामला संदिग्ध कब्र से मेल नहीं खा सका।



### जांच में कुत्ते का शव हुआ बरामद

हत्या की आशंका को गंभीरता से लेते हुए कांकेर जिले से एफएसएल की तीन सदस्यीय टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम का नेतृत्व डॉ. कन्नौजे ने किया। वहीं जिला अस्पताल से डॉ. प्रवीण चंद्र भंडारी और बेनूर स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. दीप्ति भी मौके पर मौजूद रहीं। पूरे घटनाक्रम के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश साहू की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में, करीब 150 से 200 ग्रामीणों की मौजूदगी में संदिग्ध कब्र की खुदाई कराई गई। जांच के दौरान कब्र से किसी मानव का नहीं, बल्कि एक काले कुत्ते का शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को विधिवत पुनः दफना दिया गया। चार दिनों तक चली जांच के बाद मामला पूरी तरह स्पष्ट हो गया और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना के कारण गांव और आसपास के इलाकों में लंबे समय तक भय का माहौल बना रहा।

### पुलिस की लोगों से अपील

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। यह घटना एक बार फिर बताती है कि बिना पुष्टि की सूचनाएं किस तरह पूरे इलाके में दहशत फैला सकती हैं।

# डाक जीवन बीमा ने दिया संकट में सहारा, नामिनी को मिला 5.66 लाख का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय कोंडागांव के बाजार पारा निवासी स्वर्गीय श्रीमती मीणा नाग, जो पेशे से शिक्षिका थीं, ने भारतीय डाक विभाग से लगभग 6 वर्ष पूर्व 4 लाख रुपये का डाक जीवन बीमा पीएलआई लिया था। 10 नवम्बर 2025 को मीणा नाग की आकस्मिक मृत्यु हो गई। मृत्यु उपरांत भारतीय डाक विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा दावा प्रक्रिया पूर्ण की गई।

- शिक्षिका ने लिया था 4 लाख का डाक जीवन बीमा

डाक जीवन बीमा के अंतर्गत नामिनी उनके पुत्र गजेन्द्र नाग को बीमा राशि एवं ब्याज सहित कुल 5,66,853 रुपये उनके बचत खाते में अंतरित कर प्रदान किए गए। नामिनी गजेन्द्र नाग ने डाक विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डाक जीवन बीमा एक अत्यंत विश्वसनीय और लाभकारी योजना है, जिसे सभी नागरिकों को अवश्य अपनाना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग मोहम्मद नियाजुद्दीन, उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित डाकघर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मां के नाम हुआ पौधारोपण...



**कोण्डागांव।** विधायक लता उसेंडी द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल गिरोला में पौधारोपण किया।

# अटल-बिहान महिला खेल स्पर्धा का समापन, विधायक ने किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव/विश्रामपुरी

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम के द्वारा केशकाल विधानसभा क्षेत्र के बड़ेराजपुर के हाईस्कूल खेल मैदान दो दिवशीय विधायक ट्रॉफी "अटल–बिहान" महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका भव्य रूप से समापन गुरूवार की शाम विधायक नीलकण्ठ टेकाम की उपस्तिथि में विजेता प्रतिभागी महिलाओ को पुरुस्कार का वितरण कर किया गया।

समापन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक नीलकंठ टेकाम का स्वागत उपस्तिथ महिलाओं ने फूल माला एवं आतिशबाजी कर भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम दो सेक्टरों के 19 ग्राम पंचायत की महिला प्रतिभागीयों ने भाग लिया। महिलाओं के बीच कबड्डी, खो-खो, रस्सा खीच, मटका फोड़, जलेबी-गुलाब जामुन खेल, 100 मीटर दौड़, रस्सी कूद, सुई धागा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक एवं एकल नृत्य व नाटक की प्रतिस्पर्धा हुई। इस कार्यक्रम में महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ बड़े उत्साह के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर महिलाएं अपने बचपन और स्कूल जीवन को याद किये। और इस खेल प्रतियोगिता के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम को धन्यवाद ज्ञापित किये। इस प्रतियोगिता के समापन में सभी खेलों के विजेता प्रतिभागी महिलाओं को विधायक नीलकंठ टेकाम के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया।



**ये रहे उपस्थित**–समापन कार्यक्रम में ग्राम बड़ेराजपुर सरपंच हेमबाई मरकाम, कोण्डागांव भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमन नेताम, जनपद सदस्य संगीता पोयाम, मंडल अध्यक्ष लालाराम मरकाम, मनाराम मरकाम, सुखदास मरकाम, योगेश पांडे, सुबोध मंडावी, रविन्द्र पाण्डे, केशकाल महामंत्री नवदीप सोनी पवन प्रधान, रामसाय मरकाम, सोनसिंह सोरी, गनेशबत्ती, बिरजा शोरी, महागु राम मरकाम, सहित विकासखण्ड बड़ेराजपुर के समस्त सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल-बिहान महिला खेल प्रतियोगिता पेश करेगी मिसाल: टेकाम

समापन के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि यह खेल छत्तीसगढ़ के लिए एक मिशाल पेश करेगी और महिलाओं को सशक्त बनाएगा आज हमारी सरकार व्यक्ति के अंतिम छोर तक पहुंचना चाह रहा है, जिससे सबका विकास हो जिससे विकसित भारत का सपना पूरा हो सके। आज बरसो से जो बस चलाने की मांग थी उसको हमने पूरा कर दिया आने वाले समय स्वास्थ से लेकर अच्छी शिक्षा की भी इस क्षेत्र में व्यवस्था होगी! इस खेल को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह एवं जुनून भी दिखाई दिया।

### शादी के सालों बाद खेलो में शामिल हुई महिलाए

बड़ेराजपुर में चल रहे अटल बिहान खेल प्रतियोगिता में शामिल हुई सुनीता शोरी, शिला सेठिया, उर्मिला ध्रुव , सुदामा मरकाम व अन्य महिलाओ नें कहा की हमारी शादी हुए सालो हो गए है, स्कूल के समय में हमने विभिन्न खेलो में भाग लिया करते थे, महिलाओं नें कहा शादी के बाद सब हम घरों के कामकाज में व्यस्थ रह कर खेलो को भूल गए थे. लेकिन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम जी के अनोखी पहल के कारण हमने सालो बाद आज फिर खेल प्रतियोगिता में भाग लिये है, इस पहल के लिये सभी महिलाए आभारी रहेंगी, उन्होंन नें आगे कहा की इसी तरह हर साल यह प्रतियोगिता होता रहे. जिसमें में क्षेत्र की बहने भाग लेती रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र बोरगांव में किसानों को दी वैज्ञानिक खेती की जानकारी

**कोण्डागांव।** कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी बोरगांव, कोंडागांव में मृदा स्वास्थ्य पत्रक अनुरूप उर्वरक उपयोग विषय विसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने की। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य सतत एवं लाभकारी कृषि की नींव है और मृदा स्वास्थ्य पत्रक के अनुसार उर्वरक उपयोग से उत्पादन लागत घटती है।

**जैविक व प्राकृतिक खेती पर विशेष मार्गदर्शन** – कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के डॉ. कोमल सिंह केराम ने मिट्टी की भौतिक–रासायनिक विशेषताओं, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, वर्मी कम्पोस्ट तथा मृदा गुणवत्ता प्रबंधन की जानकारी दी।

**विविधीकृत खेती से बढ़ेगी किसानों की आय** – उपसंचालक कृषि कैलाश मरकाम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए धान, मक्का, दलहन–तिलहन एवं साग–सब्जी आधारित फसल चक्र अपनाने की अपील की।

**कीट–रोग प्रबंधन पर**



**विशेषज्ञों की जानकारी** – पादप रोग वैज्ञानिक डॉ. उपेंद्र कुमार नाग ने प्रमुख कीट–रोगों की पहचान एवं समन्वित नियंत्रण के उपाय बताए।

**मृदा जांच के आधार पर उर्वरक उपयोग की अपील** – जिला संसाधन प्रकोष्ठ के रागिब अली ने जिले में की गई मृदा जांच की जानकारी देते हुए जैव उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**आधुनिक कृषि यंत्रें और रबी फसल प्रबंधन पर चर्चा** – कार्यक्रम में जैविक खाद निर्माण, रबी फसलों का वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उन्नत कृषि यंत्रें की उपयोगिता पर भी विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

**बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता** – कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों के कृषि अधिकारी, विस्तार अधिकारी एवं लगभग 70 कृषकों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण का लाभ लिया।

# जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में मना चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 2 जनवरी से 9 जनवरी तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम जोबा, मैनपुर, चिचाड़ी, बनियागांव सहित अन्य ग्रामों की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को माह जनवरी का चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण किया गया, जिससे ग्रामीणों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जा सका। चावल उत्सव के अवसर पर हितग्राहियों की ई–केवाईसी प्रक्रिया भी पूरी कराई गई, ताकि भविष्य में राशन वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, पंच, कोटवार, पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाया।

- हितग्राहियों को खाद्यान्न का किया गया वितरण





# नववर्ष पर वन संरक्षण व अग्नि सुरक्षा को लेकर लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

नववर्ष के अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार तथा प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को वनमण्डल को ण डा गां व अंतर्गत 202 वन प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इसके पश्चात लाभांश राशि के वितरण एवं उसके उपयोग को ग्राम विकास कार्यों में करने संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए।

- कोण्डागांव वनमण्डल अंतर्गत 202 वन प्रबंधन समितियों की बैठक



### आने वाली पीढ़ी के लिए वनों को बचाने का आह्वान

बैठक में कहा गया कि वन हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आने वाली पीढ़ियों को ऑक्सीजन और वन संसाधनों का लाभ मिलता रहे, इसके लिए वनों का संरक्षण अनिवार्य है। वन प्रबंधन समितियों को और अधिक मजबूत बनाने, उनके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने तथा समितियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार और वन संसाधनों का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से वनों को आग से बचाने, अवैध कटाई एवं अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में न होने देने का –ढ़ संकल्प लिया।

बैठक में वनों को आग से बचाने, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, कूप विदोहन, अवैध कटाई एवं अतिक्रमण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार–विमर्श किया गया। सदस्यों ने वन एवं वन्यजीव से संबंधित घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों पर सहमति व्यक्त की तथा वन संपदा के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया।

## पेज 9 के शेष

### शहीद प्रधान आरक्षक...

द्वारा सर्चिंग अभियान पूर्ण कर लौट रही पुलिस पार्टी को अम्बेली नाला के करीब आईईडी विस्फोट के माध्यम से निशाना बनाया गया था। यह हमला माओवादियों की कायरतापूर्ण मानसिकता का प्रतीक था, जिसमें जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ डीआरजी के 9 वीर जवानों तथा 1 वाहन चालक ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। एसपी ने कहा कि उनका यह बलिदान न केवल पुलिस बल बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का अमिट उदाहरण है।

### विकास कार्यों में...

विधालय में निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया । 18.75, 25 लाख और 16.50 लाख के इन तीन निर्माण कार्य की सौगात दी। किरण देव ने कहा कि विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए सरकार का संकल्प है की जनता को मूलभूत सुविधा देना। राज्य आपदा प्रबंधन मद से शहर में विभिन्न क्षेत्रों में पुलिया निर्माण कार्य किया जायेगा। पुलिया निर्माण से शहर में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगा।

**ये रहे उपस्थित-** भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एम आई सी सदस्य निर्मल प्रसाद पानीग्राही , योगेन्द्र पांडे , सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह,संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, लक्ष्मण झा, राणा धोष, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, गौतम पानी ग्राही ,श्याम सुंदर, मंडल अध्यक्ष प्रकाश अभियंता गोपाल भारद्वाज, निगम के अधिकारी ,कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।

### देवगुड़ियों के संरक्षण...

पुजारियों को भी जागरूक होकर रोक लगाना होगा। देवगुड़ियों के लिए जो भी राशि मिलती है, उसका उपयोग उनके संरक्षण पर होनी चाहिए। इस दौरान कुमार विजीत देव, दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी प्रेम पाढ़ी, सिकन्दर ठाकुर, योगेश ठाकुर, मावली मंदिर पुजारी अनिल ठाकुर, रविन्द्र दास, प्रकाश रावल सहित अन्य मौजूद थे।

### पेयजल सप्लाई से...

अगस्त को टंकी सफाई हेतु कार्यादेश जारी किया गया। इस निविदा के तहत अब तक 15 टंकियों की सफाई हो चुकी है, दो में कार्य प्रगति पर है। पूर्व में 8 अगस्त 2023 को 17 टंकियों की जल क्षमता 182.4 लाख लीटर का सफाई का दर 42 पैसे प्रति लीटर से सफाई में अड़तीस लाख तीस हजार चार सौ रुपए खर्च किए गए थे। वहीं 20 अगस्त 2025 में 182.4 लाख लीटर 17 टंकियों की सफाई का दर 13.5 पैसे प्रति लीटर से 24,62,400 मात्र खर्च होना है। इस तरह से वर्तमान में जो 17 टंकी की सफाई होगी। इस सफाई में जो पारदर्शी पूर्वक निविदा की गई है इससे निगम को पूर्व की निविदा से लगभग 14 लाख रुपए कम खर्च होगा।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने न्यौता भोज का लिया आनंद



**घाटलोहंगा।** जूली केरकेटा ने अपने पुत्री एलिशा मेरी केरकेटा के जन्मदिन के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा में न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। बच्ची के उज्जवल भविष्य का कामना की। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्व वातावरण रहा।

### युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं : राहुल



**दंतेवाड़ा/गीदम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत आज आईटीआई गीदम में नव मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा राहुल असरानी के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं समय-सीमा की जानकारी दी गई। साथ ही सभी युवाओं से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा कि, लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है।

### विशेष ग्राम सभा बनी बदलाव की मिसाल

**दंतेवाड़ा।** जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई उम्मीद दिखी। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी (जीरामजी) योजना के नए प्रावधानों ने लोगों में उत्साह पैदा किया। ग्राम सभा में पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी, जिससे वे स्वयं को योजनाओं का सक्रिय सहभागी महसूस करने लगे। ग्राम सभा में यह घोषणा सबसे अधिक प्रशंसनीय रही कि अब ग्रामीणों को 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध होगा।

## बच्चों में सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के कौशल को सुदृढ़ करने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के संकुल केंद्र कारली में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता (एफएलएन) तथा आधारभूत भाषा कौशल (एफएलएस) पर आधारित नवीन पाठ्य-पुस्तक प्रशिक्षण का विकास खंड स्तरीय आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं माँ दंतेश्वरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संकुल के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, मास्टर ट्रेनर एवं शैक्षणिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संकुल समन्वयक प्रदीप कुमार गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल भाव को आत्मसात करते हुए तैयार की गई नवीन पाठ्य-पुस्तकों में मूलभूत सुधार एवं संरचनात्मक परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन पाठ्य-पुस्तकों में रटंत प्रणाली के स्थान पर समझ आधारित अधिगम, गतिविधि-केंद्रित शिक्षण, स्थानीय परिवेश से जुड़े उदाहरण, बाल-मनोविज्ञान आधारित पाठ योजना तथा अनुभवात्मक सीख को विशेष महत्व दिया गया है। एफएलएस के अंतर्गत बच्चों में सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के कौशल को सुदृढ़ करने तथा एफएलएन के माध्यम से संख्या बोध, गणितीय तर्क और समस्या समाधान क्षमता विकसित करने



पर विशेष बल दिया गया है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य खेदुराम ठाकुर ने अत्यंत प्रेरक शब्दों में कहा कि प्राथमिक शिक्षा वह मजबूत नींव है, जिस पर बच्चे के संपूर्ण शैक्षणिक भविष्य की इमारत खड़ी होती है। यदि यह नींव मजबूत होगी, तो इमारत स्वतः स्थायी और ऊँची बनेगी।

उन्होंने शिक्षकों से अनुशासित रहकर प्रशिक्षण ग्रहण करने, नवीन पाठ्य-पुस्तकों की भावना को समझने तथा प्रशिक्षण में सीखी गई शिक्षण विधियों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्रों में मास्टर ट्रेनर खमन ठाकुर, राकेश कुमार ध्रुव एवं बीके देवांगन माधो सिंह मंडावी द्वारा नवीन पाठ्य-पुस्तकों के अध्यायवार प्रयोग, कक्षा गतिविधियों, सीखने के स्तर के अनुसार शिक्षण तथा सतत मूल्यांकन पद्धति पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता के साथ यह प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक सार्थक एवं परिणामोन्मुख पहल के रूप में सामने आया है।

यह प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों की सीख को स्थायी बनाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### विधायक ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

## भाजपा नेता पर विधायक ने लगाया सत्ता दुरुपयोग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

गुरुवार को भोपालपट्टम में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता कर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र में भाजपा नेता बिलाल खान के द्वारा दो आदिवासी युवकों की जबरन गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए आदिवासी युवकों की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरुपयोग करार दिया है।

प्रेसवार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि घटना 5 जनवरी 2026 की है, जब भोपालपटनम थाना क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बिलाल खान से मिलने आए दो आदिवासी युवकों संदीप तलाण्डी और आत्रम रमेश को मनगढ़ंत कहानी बनाकर हिरासत में लिया गया था और बाद में उन दोनों आदिवासी युवकों को थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ कर छोड़ दिया गया, फिर भाजपा के किसी बड़े नेता के कहने पर एक मनगढ़ंत कहानी लिख कर दोनों आदिवासी युवकों को जेल भेज दिया। विधायक विक्रम मंडावी ने



आरोप लगाया कि भाजपा नेता सत्ता के नशे में इतने चूर हो गए है कि अब निर्दोष आदिवासी युवकों को प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें परेशान करने के लिए और प्रताड़ित करने के लिए दबाव बनाते हुए जेल भेज रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा नेता सत्ता के अहंकार में आदिवासियों को जबरन जेल भेजने का काम कर रहे हैं। यह निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार है। विधायक ने इस घटना को भाजपा नेताओं द्वारा आदिवासियों पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए घटना की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

साथ ही, दोनों युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के साथ विधायक विक्रम मंडावी ने कलेक्टर बीजापुर के नाम एसडीएम भोपालपटनम को ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें इस षड्यंत्र में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, बसंत ताटी, कामेश्वर गौतम, सत्यम केजी, मनोज यालम, रमेश पामभोई, सुनील उद्दे, रिंकी कोरम, अशोक मडे, रवि बोरे, सवलम संटी, सुरेंद्र चापा, सरिता चापा, सुरेश सोढ़ी, अरुण वासम, पार्वती गौतम, मिच्चा समैया, बड़ी संख्या में कांग्रेसी पधाधिकारी और कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

## मानकों का पालन न करने पर 33 कॉमन सर्विस सेंटर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालन में निर्धारित मानकों का पालन न करने पर सीएससी मुख्यालय दिल्ली ने दंतेवाड़ा जिले में सख्त कार्रवाई की है। जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद जिले की 33 सीएससी पहचान संख्या आईडी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि जिले

■ **सीएससी मुख्यालय दिल्ली की कड़ी कार्रवाई**

के कई कॉमन सर्विस सेंटर बिना स्थायी केंद्र के संचालित हो रहे थे या फिर वहां निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग प्रदर्शित नहीं थी। कुछ केंद्रों में बैनर बिना फ्रेम के अस्थायी रूप से लगाए गए थे, जबकि कई स्थानों पर रेट चार्ट भी प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा कई ग्राम स्तरीय उद्यमी अपनी निर्धारित सीएससी पहचान संख्या के बजाय अन्य माध्यमों से लेन-देन कर रहे थे, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

सीएससी मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि नियमों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के लिए सख्ती आगे भी जारी रहेगी। आने वाले दिनों में जिला प्रशासन और सीएससी टीम द्वारा पुनः निरीक्षण किया जाएगा और यदि अन्य केंद्रों में भी अनियमितताएं पाई गईं, तो उनकी पहचान संख्या भी निरस्त की जा सकती है। जिन ग्राम स्तरीय उद्यमियों की सीएससी पहचान संख्या बंद की गई है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे सभी नियमों और मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ब्रांडिंग लगाने, दर सूची प्रदर्शित करने, स्थायी केंद्र संचालित करने तथा सभी लेन-देन अधिकृत सीएससी पहचान संख्या के माध्यम से करने के बाद ही उनके मामलों की पुनः समीक्षा की जाएगी और पहचान संख्या पुनः सक्रिय करने पर विचार किया जाएगा। कॉमन ब्रांडिंग सामग्री डाउनलोड करने की सुविधा जानकारी सुविधा केंद्र के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि सभी ग्राम स्तरीय उद्यमी निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने केंद्रों को व्यवस्थित कर सकें। यह कार्रवाई जिले में पारदर्शिता, नियमों का पालन और बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## यातायात नियमों का पालन करने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा निर्मल निकेतन विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्दीकी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा।

कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे, तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों को समझाया



गया। साथ ही हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य सेंट बीजु सेबोस्टियन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जैसे आयोजन विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था से ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी मिलना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल और व्यावहारिक तरीके से किया गया।

## शिक्षक संघ ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में आयोजित शिक्षक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप वित्त मंत्री ओपी चौधरी मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा है कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में शिक्षक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वे समाज के दर्पण है और बहुत कुछ कर सकते है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो ऐसा शिक्षक ही कर सकता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों



में ऐसा जज्बा प्रदान कर सकता है। जिससे विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। शिक्षक संघ ने मंत्री को मांग पत्र सौंपा जिसमें प्रमुख रूप से सहायक शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नति, शिक्षा आयोग का पुनर्गठन, शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से लिया जाए ना कि वीएसके ऐप से, विभागों में प्रभाववाद को समाप्त किया जाए, रमसा हाई स्कूलों में संस्कृत व्याख्याता, लिपिक, चपरासी सफाई कर्मचारी के पदों को भी स्वीकृत किया जाए। एलबी संवर्ग सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति से किया जाए। इस दौरान 33 जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक संघ के शिक्षक साथियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नगर निगम के ऑडिटोरियम शिक्षकों से खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री ओंकार ठाकुर, प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, गया राम रजवाड़े, अनिता सिंह प्रांतीय, अशोक गुप्ता, सतीश तिवारी, टेक रामसेन, भुनेश्वर देवांगन, शैलेंद्र भदौरिया, गिरिधर यादव, टीकम साहू, संभागीय अध्यक्ष रायपुर के रामनारायण मिश्रा, प्रकाश तिवारी, आत्माराम साहू , मोहन राय, शैलेन्द्र भदौरिया उपस्थित थे।

## निधन

### वंदना दास

**जगदलपुर।** वंदना दास (रुनु ) पति बालमुकुंद दास का आज अल



सुबह 3 बजे निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि पुरी में संध्या 4 बजे किया गया। वह उत्कल समाज महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष थी। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## जम्बूरी के लिए 121 सदस्यीय दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला आयुक्त स्काउट्स बीआर बघेल एवं सुधा परमार जिला आयुक्त गाइड के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के 22 विद्यालयों का प्रतिनिधित्व हो रहा है। जिसमें रोवर, स्काउट के 33 सदस्य एवं उनके लीडर शिक्षक 5 तथा रेंजर, गाइड के 71 सदस्य तथा उनके लीडर 12



कुल 121 प्रतिभागी, बस्तर को पुरे भारत के सामने रखेंगे। आप सभी को ज्ञात हो कि यह भारत का पहला राष्ट्रीय रोवर, रेंजर का जम्बूरी है। जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के छात्र भाग लेंगे। लगभग 15000 रोवर, रेंजर ग्राम दुधली जिला बालोद में 9 जनवरी से 13 जनवरी तक इकट्ठे होंगे एवं अपने संस्कृति सभ्यता को साझा करेंगे। साहसिक गतिविधियों में भाग लेंगे और अपने राज्य को स्काउटिंग विद्या में सर्वश्रेष्ठ बनाने पुरजोर प्रयास करेंगे। इस आयोजन में शामिल होने दल प्रबंधक के रूप में गोपेन्द्र शार्दुल एवं जिला सचिव लिलेश देवांगन एवं अन्य स्काउटर एवं गाइडर सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार का पूरा जोर सिर्फ लौह अयस्क के परिवहन : महाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार आते ही फिर से खदानों को लूटने का काम चालू हो गया है। हसदेव के जंगलों के बाद अब भाजपा सरकार की नजर बैलाडीला की पहाड़ियों पर है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है एनएमडीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जिस पर खदान क्र 13 के लिए इन्होंने दो निविदाएं निकाली हुई है। जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राहुल महाजन ने कहा कि साफ तौर पर ज़ाहिर होता है कि देश-प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही पूरा जोर इनका सिर्फ और सिर्फ



लौह अयस्क के परिवाहनों पर ही रहेगा। जिन पहाड़ो को बस्तर के आदिवासी अपने देवी- देवताओं का घर मानते है एवं इनकी पूजा करते है उन्हें ही उजाड़ने की सरकार ने अपनी प्राथमिकता बनाई हुई है। बैलाडीला के पहाड़ो में भले ही कितनी प्रचुर मात्रा में लौह अयस्क भरा पड़ा हो पर ये सिर्फ खनिज संपदा न हो कि बल्कि हमारे आदिवासियों के आस्था का प्रतीक भी है। जिन बैलाडीला के पहाड़ो को भाजपा सरकार सिर्फ लौह भंडारण के रूप में देख रही है दरसल वो स्थानीय आदिवासीयों के लिए आजीविका का साधन है और इन्ही जंगल के संसाधनों से वो सदियों से अपनी आजीविका चलाते आ रहे है।

## धन धान्य योजना में विषमुक्त खेती की ओर बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित धन धान्य योजना के अंतर्गत जिले को जैविक एवं विषमुक्त खेती की दिशा में अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में विकासखंड कुआकोंडा के सुदूर वनांचल ग्राम हितावर के प्रगतिशील कृषक संजय ने रासायनिक खेती को त्याग कर पूरी तरह जैविक पद्धति से मक्का उत्पादन कर क्षेत्र के किसानों के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मिट्टी की घटती उर्वरता और रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता से चिंतित संजय ने कृषि विभाग के अधिकारियों से सलाह लेकर इस



वर्ष जैविक खेती अपनाने का निर्णय लिया।

कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा उन्हें विषमुक्त खेती के लाभों, जैविक संसाधनों के महत्व और मिट्टी की सेहत सुधारने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभागीय मार्गदर्शन में संजय ने खेत की तैयारी के दौरान गोबर की खाद और वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर भूमि को पोषक बनाया। बीजों को ट्राइकोडर्मा तथा बीजामृत जैसे जैविक उपचारों से सुरक्षित किया गया तथा फसल के पोषण के लिए जीवामृत और घन जीवामृत जैसे जैविक घोलों का प्रयोग किया गया। रासायनिक उर्वरकों के पूर्ण बहिष्कार के बाद भी फसल में कहीं भी पोषण की कमी दिखाई नहीं दी, बल्कि खेत की मक्का फसल पहले की तुलना में अधिक हरी-भरी और स्वस्थ नजर आई।

जैविक खेती अपनाने से संजय की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है क्योंकि उन्हें यूरिया, डीएपी और अन्य महंगे रासायनिक उर्वरक खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी। वर्तमान में उनके खेत में मक्का की बालियाँ सुदृढ़ हैं और दानों का भराव अत्यंत उत्तम है। जैविक उत्पादन होने से उन्हें बाजार में सामान्य मक्का की तुलना में बेहतर मूल्य मिलने की भी उम्मीद है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। संजय के अनुसार, पहले रासायनिक खादों के कारण खर्च बढ़ जाता था और जमीन कठोर हो रही थी, लेकिन इस वर्ष जैविक तरीके से खेती करने पर फसल भी अच्छी मिली और लागत भी घटी। वह आगे अन्य फसलों में भी जैविक पद्धति अपनाने की तैयारी कर रहे हैं।

ग्राम हितावर के किसान संजय की यह पहल साबित करती है कि उचित मार्गदर्शन और दृढ़ इच्छाशक्ति से जैविक खेती पूरी तरह सफल हो सकती है। उनकी सफलता कुआकोंडा क्षेत्र में विषमुक्त एवं जैविक खेती के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रही है। धन धान्य योजना के उद्देश्यों के अनुरूप यह सफलता कहानी दंतेवाड़ा जिले में प्राकृतिक कृषि को नई दिशा प्रदान कर रही है।

## रक्षा मंत्री करेंगे एनसीसी कैडेट पवन को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय तोकापाल के एनसीसी कैडेट जूनियर अंडर ऑफिसर पवन बघेल ने महाविद्यालय बस्तर जिला एवं पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। कैडेट पवन बघेल का चयन रिपब्लिक डे कैंप आरडीसी के दौरान प्रदान किए जाने वाले उच्च राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु किया गया है, जो उन्हें भारत के रक्षा मंत्री द्वारा प्रदान किया जाएगा। पवन पूरे भारत वर्ष के उन 6 एनसीसी कैडेटों में शामिल हैं जिन्हें इस पुरस्कार हेतु चयन किया गया है। जूनियर अंडर ऑफिसर कैडेट पवन बघेल वर्तमान में 10 छत्तीसगढ़ (इन्फैंट्री) जगदलपुर से संबद्ध हैं। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।



उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे, एनसीसी केयर टेकर सुश्री मंजूश्री चैपा, एनएसएस डॉ. राजेश सैथिया एवं समस्त प्राध्यापकगण, कार्यालय स्टाफ, 10 सीजी (आई) सीओआई जगदलपुर, एनसीसी अधिकारी सूबेदार कैटडेस तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसे महाविद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे बस्तर अंचल के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण - 01/अ-20(5)/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि आवेदक अध्यक्ष, बस्तर जिला तेलुगू सोनार समाज जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा शहर जगदलपुर मोहल्ला कुम्हारपारा स्थित नजूल शीट क्र 106 भू-खण्ड क्र. 7/1क, 7/1ग क्षेत्रफल 369204.00 वर्गफुट भूमि में से 3600.00 वर्गफुट भूमि पर सामाजिक भवन निर्माण करने हेतु भूमि आबंटन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का आपत्ति/दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 22/01/2026 तक स्वंय या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2026 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा में विकास के मुद्दे पर चर्चा

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर के सभाकक्ष में गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के ग्रामीण विकास, अधोसंरचना और जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कश्यप ने जिले में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण मिलकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें और बस्तर को एक विकसित जिले के रूप में पहचान दिलाएं।

### सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 योगेंद्र नगर निवासी 58 वर्षीय शरद शिकदर पिता स्व. कामना सिकदर को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पीव्ही 30 निवासी पियूष हालदार ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को योगेंद्र नगर के पास सड़क दुर्घटना में मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 15 तक करा सकेंगे नवीन पंजीयन व रकबा संशोधन

**कांकेर।** धान विक्रय में किसानों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से सरकार द्वारा रकबा सुधार, कैरीफारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, साथ ही छुटे हुए किसानों के नवीन पंजीयन इत्यादि के लिए तिथि बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार कैरीफारवर्ड, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन, त्रुटिपूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी का भौतिक सत्यापन के आधार पर कलेक्टर के अनुशंसा पर नवीन पंजीयन अब 15 जनवरी तक किए जा सकेंगे। इसके अलावा सभी प्रकार का संशोधन के लिए 31 जनवरी तक समय निर्धारित किया गया है।

# स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय में 455 छात्राओं को मिली साइकिल

## बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने 455 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस दौरान विधायक ने कहा कि सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। उन्होंने कहा छात्र जीवन अपने जीवन में स्वर्णिम समय होता है। यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है । देव ने कहा कि शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो। जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार साइकिल वितरण कर रहा है । सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी । बस्तर अंचल में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के बच्चों में गजब उत्साह देखने को मिला। बस्तर के बच्चों में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई के साथ खेलना भी जरूरी है। स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 61, शासकीय हाईस्कूल भगतसिंह 27, जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5, शासकीय हाईस्कूल केवरामुंडा 34, हाटकचौरा 19, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय रेलवे कालोनी 63, कन्या क्रमांक 2 में 45, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में 125, भैरमगंज 10, पनारापारा 16, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा में 20 तितिरगांव 10, पंडरीपानी 10 एवं राष्ट्रीय विद्यालय में 10 साइकिल वितरण छात्राओं को किया गया। वहीं छात्र दुर्घटना बीमा योजना की राशि का चेक भी वितरित किया गया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य योगेन्द्र पांडे, कलावती कसेर, निर्मल पानीग्राही, संग्राम सिंह, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद नरसिंह राव, श्याम सुंदर, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, आर्येंद्र आर्य, राजेश श्रीवास्तव, एसएमडीसी अध्यक्ष योगेश शुक्ला, संयुक्त संचालक एच आर सोम, डीईओ बलिराम बघेल, बीईओ राजेश गुप्ता एवं जनप्रतिनिधि व विभिन्न स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## ढूंढने के लिए जरूरत नहीं आसानी से मिल सकेगा रोजगार

# ग्रामीणों के आय व विकास का जरिया बनेगा खड़का ग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



खुशहाल एवं विकसित बस्तर की ओर बढ़ते हुए अब लोगों की रोजगार का जरिया उनके क्षेत्र में ही मुहैया उपलब्ध करवाएगी वन विभाग इसी के तहत विभाग द्वारा खड़का क्षेत्र में जैव विविधता पार्क

■ गांव में वन विभाग बना रहा जैव विविधता पार्क का निर्माण

अलग खबर

का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत वहां पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होंगी एवं बाहर से आने वाले पर्यटकों को लुभाने का एवं घूमने का बहुत ही अच्छा सुखद अनुभव उसे क्षेत्र में प्राप्त होगा, क्योंकि इसी क्षेत्र में विशाल सालेमेटा जलाशय है, जो लगभग 1100 हेक्टेयर में फैला हुआ है। शहरी लोग आज गांव की हरियाली और स्वच्छ वातावरण की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे है, जिसे देखते हुए विभाग द्वारा लोगों के रोजगार और जंगल की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए क्षेत्र में कैफेटेरिया का निर्माण जेट्टी बोट का संचालन का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। साथ ही आज के समय में भू-जल स्तर में आए कमी को देखते हुए तालाब निर्माण और छोटे-छोटे ट्रेंच का निर्माण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक भूमि में जल का संचय किया जा सके एवं बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाएगा। इन सब से वहां के लोगों के आजीविका एवं जीवन स्तर में बहुत अच्छी बढ़ोतरी होगी, क्योंकि उन्हीं लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे ताकि लोग अपने जीवन यापन को बहुत अच्छे ढंग से जी सके। साथ ही वहां पर विभिन्न प्रकार की जो गतिविधियां होंगी, उसमें इन सब की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी, जैसे वोटिंग, कैफेटेरिया का संचालन हो गया है। इन सभी को एक समिति के माध्यम से वहां के क्षेत्रीय ग्रामीण को यह सब रोजगार के अवसर माहिया कराए जाएंगे। इसके साथ-साथ लोगों को चक्रीय निधि द्वारा विभिन्न प्रकार के कामकाज को करने के लिए जो राशि की आवश्यकता है वह भी वन विभाग द्वारा दिया जा रहा है। वह अन्य प्रकार की व्यवसाय भी उसे क्षेत्र में आसानी से कर सकें, उन्हें कहीं शहर जाने एवं रोजगार ढूंढने के लिए जरूरत नहीं है।

### विकास बढ़ने की पूर्ण संभावना

भानपुरी के एसडीओ इंद्रप्रसाद बंजारे ने बताया कि वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के साथ लगातार बैठक कर जानकारी दी गई है कि उस क्षेत्र में वन अधिकार पत्रधारियों एवं ग्रामीणों के अन्य किसी भी अधिकार का हनन नहीं किया जाएगा। परियोजना के क्रियान्वयन से आस-पास के क्षेत्रों में विकास बढ़ने की पूर्ण संभावना है।

### ग्रामीणों को होगी आय

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि परियोजना के संबंध में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से लगातार बैठक करके जानकारी दी गई है। प्रस्तावित परियोजना में जैव विविधता को बढ़ाने के लिए विदेशी खरपतवारों का उन्मूलन जैसे यूपिटोरियम ओडोराटा (जहाज लाटा, गंधरी बुटा) का समूल उन्मूलन करना, वनोपज प्रदान करने वाली प्रजातियों महुआ, चार, बेहड़ा, हर्रा, कुसुम आदि को बढ़ावा देना, वन अधिकार पत्रधारियों हेतु भू-जल में वृद्धि करने के उद्धेश्य से भू-जल संरक्षण कार्य जैसे छोटे तालाब, कन्दूर ट्रेंच, मिनी परकोलेशन टैंक, बोल्डर चेकडेम आदि छोटी संरचनाओं का निर्माण करना एवं क्षेत्र में हो रहे अति चराई, जैविक दबाव को कम करने एवं सुरक्षा हेतु फेंसिंग कार्य प्रस्तावित है। इसके अलावा कोसारटेड़ा डैम में बोटिंग सुविधा का विकास कर प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को लगातार आय प्राप्त होगी। ईको टूरिजम का संचालन स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे सतत आय की प्राप्ति होगी।

# विकास में महिला समूहों की भूमिका अहम : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर में वनोपज संग्रहण के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के लिए लखपति दीदी बनने की अपार संभावनाएं हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जिले में कार्यरत 16 क्लस्टर लेवल फेडरेशन

■ इमली सहित वनोपज के मूल्यवर्धन पर जोर

के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा क्षेत्र में वनोपज खरीदने वाले व्यापारियों के साथ बैठक कर चर्चा की।

उन्होंने इमली के मूल्यवर्धन को प्रभावी आजीविका गतिविधि के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विशेष जोर दिया। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं केवल कच्ची इमली की बिक्री तक सीमित न रहें, बल्कि इमली की ग्रेडिंग, बीज निष्कासन और प्रसंस्करण कर अधिक मूल्य प्राप्त कर सकती हैं। इमली के बीज अलग कर गुणवत्तापूर्ण गूदा तैयार करने तथा इमली से चपाती जैसे उत्पाद बनाकर बेहतर आमदनी अर्जित की जा सकती है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जिले के कई गांवों में महिला समूहों द्वारा स्थानीय स्तर पर इमली का संग्रहण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग किया जा सकता है। इससे एक ओर वनोपज का उचित मूल्य मिलेगा, वहीं महिलाओं को घर के पास ही स्थायी रोजगार उपलब्ध होगा।

व्यापारियों ने जानकारी दी कि वनोपज के वैल्यू एडिशन से कच्चे उत्पाद की तुलना में दो से चार गुना तक अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने इमली के साथ-साथ महुआ, टोरा, चिरौंजी और आंवला जैसे बहुमूल्य वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पर भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समूहों के सदस्यों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अध्ययन भ्रमण से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि नई तकनीक सीखकर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं और बस्तर के बहुमूल्य वनोपज का वाजिब दाम यहां के संग्राहकों को सुनिश्चित किया जा सकता है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, सचिव पंचायत विभाग भीम सिंह, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, संचालक अश्विनी देवांगन, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## परिवहन मंत्री ने समझाइश कर चालकों को दिया हेलमेट...



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग द्वारा बस्तर जिले के ग्राम तारागांव में मंगलवार को 37 वां राष्ट्रीय सड़क सुरुक्षा माह जनवरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने पहुंचकर दो पहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में वाहन चालकों को समझाईश देते हुए हेलमेट वितरण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमेशा हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहनों का संचालन करने हेतु समझाईश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे, उड़नदस्ता प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## शहर के मुख्य मार्गों पर लटकते पोस्टर बने जानलेवा : निषाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर के भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्गों पर बस्तर पंडुम के नाम पर लगाए गए पोस्टर और होर्डिंग्स आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इन पोस्टरों को सड़कों पर नीचे की ओर लटकाकर लगाया गया है, जिससे टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर वाहनों के टकराने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन हादसों में कई राहगीर और यात्री घायल हो चुके हैं, लेकिन नगर प्रशासन ओवर कॉन्फिडेंस में आम जनता की सुरक्षा को नजरअंदाज कर रहा है। शहर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष लता निषाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा शहर के व्यस्त चौराहों और संकरी सड़कों पर बिना किसी मानक और सुरक्षा मापदंड के पोस्टर लगाना सीधे-सीधे जनता की जान से खिलवाड़ है। आए दिन वाहन चालकों का ध्यान भटकने, पोस्टर से टकराने और अचानक ब्रेक लगाने से दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर प्रशासन और भाजपा नेताओं की बनती है।



निषाद ने कहा कि सरकार और उनके जनप्रतिनिधि केवल प्रचार और दिखावे में लगे हुए हैं। बस्तर पंडुम जैसे सांस्कृतिक आयोजन के नाम पर शहर को अव्यवस्थित कर दिया गया है, जबकि आयोजन का उद्देश्य संस्कृति का सम्मान होना चाहिए, न कि नागरिकों की जान को खतरे में डालना।

महिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोपरि मानती है। यदि जल्द ही इन खतरनाक पोस्टरों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर नियमानुसार नहीं लगाया गया, तो महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिला प्रशासन से मांग की कि तत्काल शहर के सभी मुख्य मार्गों पर लगे नीचे लटकते पोस्टरों को हटाया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो, इसका ठोस आश्वासन दिया जाए।

## विधायक ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



**जगदलपुर।** इंदौर में अशुद्ध पानी पीने से 18 लोगों की मौत के बाद देशभर में पेयजल सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। इसी कड़ी में अब छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधि भी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। नागरिकों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने गुरुवार सुबह नगर निगम क्षेत्र के पावर हाउस के पास स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया, सफाई व्यवस्था और वितरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित अंतराल पर गुणवत्ता परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता नहीं हो सकता।

देव ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल आपूर्ति से जुड़े सभी तकनीकी और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन हो तथा जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, जलप्रदाय समिति के सभापति सुरेश गुप्ता, निर्मल पाना ग्राही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, नरसिंह राव, श्याम सुंदर, गौतम पाना ग्राही, मनोहर तिवारी, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, संजीव कर्ण सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




## बस्तर की संस्कृति, शिक्षा और प्रकृति का राष्ट्रीय गौरव बने अहीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मनीष कुमार अहीर ने कहा कि बस्तर की मिट्टी,उसकी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा ज्ञान आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। बस्तर अंचल से निकलकर शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण और

■ कोटा में गूंजा बस्तर का देशज ज्ञान और पर्यावरणीय संदेश

सांस्कृतिक संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे नवाचारी शिक्षक मनीष कुमार अहीर को राजस्थान के कोटा में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रतिष्ठित 'हरित योद्धा सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन एवं पारिवारिक वानिकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य आयोजन में प्रदान किया गया।




विनोबा भावे नगर, कोटा में संपन्न यह आयोजन नवाचारी शिक्षकों के महाकुंभ के रूप में सामने आया, जहां देश के 15 राज्यों से आए 240 चयनित शिक्षकों को उनके शैक्षिक नवाचार, सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा,संस्कृति और प्रकृति के त्रिवेणी संगम का सजीव दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ की प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा टीम रही। टीम के सदस्यों ने बस्तर की पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर उपस्थित होकर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। विविध सांस्कृतिक रंगों से सजे इस मंच ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को साकार रूप में प्रस्तुत किया और तालियों की गूंज के बीच बस्तर की सांस्कृतिक गरिमा राष्ट्रीय मंच पर स्थापित हुई।

सम्मान ग्रहण करते हुए मनीष कुमार अहीर ने अपने नवोन्मेषी शिक्षण प्रयोगों, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलों,सामुदायिक सहभागिता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के अनुभव साझा किए। उन्होंने बस्तर की सांस्कृतिक पहचान, प्रकृति-आधारित शिक्षा और बदलते सामाजिक परिदृश्य पर भी सारगर्भित विचार रखे।इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षक समुदाय के लिए प्रेरणा, संवाद और नवाचार का सशक्त मंच हैं, जो शिक्षा को समाज,संस्कृति और प्रकृति से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राष्ट्रीय आयोजन में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा टीम ने बस्तर की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से देशभर के शिक्षकों के बीच बस्तर की विशिष्ट पहचान को प्रभावशाली ढंग से रखा। शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के समन्वय ने यह सिद्ध किया कि बस्तर का देशज ज्ञान आज राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन रहा है।

